# कर्नाटक में देश का पहला एआई विश्वविद्यालय बनेगा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को देश का पहला सरकार संचालित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) विश्वविद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एआई आधारित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एआई हब स्थापित करने का भी ऐलान किया।

- मुख्यमंत्री शिवकुमार ने एआई हब स्थापित करने का भी ऐलान किया
- बेंगलुरु में गूगल आई/ओ कनेक्ट इंडिया कार्यक्रम में हुई घोषणा

मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं बेंगलुरु में आयोजित गूगल आई/ओ कनेक्ट इंडिया 2026 कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान की। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी, शोधकर्ता और नीति निर्माता शामिल हुए।

शिवकुमार ने कहा कि प्रस्तावित एआई विश्वविद्यालय विश्वस्तरीय विशेषज्ञ तैयार करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और शिक्षा संस्थानों, उद्योगों तथा सरकार के बीच सहयोग मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।